आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 26.11.2019

आरेडिका में धूम–धाम से 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया

भारत सरकार के निर्देशानुसार भारतीय संविधान की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 26.11.2019 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के प्रसाशनिक भवन स्थित संगोष्ठी कक्ष में 'संविधान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री अनूप कुमार के नेतृत्व में भारतीय संविधान की 'उद्देशिका' को पढ़ा गया।

'संविधान दिवस' के अवसर पर आरेडिका के कार्यशाला एवं चिकित्सालय में भी कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यशाला में मुख्य यांत्रिक अभियंता/उत्पादन श्री अनिल कुमार सिंह एवं मुख्य संयत्र अभियंता श्री ए. के. सिंह और चिकित्सालय में डा. के. के. सिंह के द्वारा भारतीय संविधान की 'उद्देशिका' को पढ़ने का संचालन किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के सभी अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उत्साह के साथ 'उद्देशिका' पढ़ने के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर आरेडिका के सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच लगभग 2000 पैम्फलेट बॉटे गये जिसमें भारतीय संविधान की 'उद्देशिका' एवं 'मौलिक कर्तव्यों' का लेखन किया गया था। साथ ही आरेडिका के संगोष्ठी कक्ष में भारतीय संविधान के निर्माण में महापुरुषों द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण योगदान पर चित्रप्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी को आरेडिका के सभी अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने देखा तथा संविधान की 'उद्देशिका' एवं 'मौलिक कर्तव्यों' और महापुरुषों के योगदान से रुबरु हुए।

भारत सरकार के निर्देशानुसार भारत के समस्त नागरिकों को 'मौलिक कर्तव्यों' के प्रति जागरुक एवं संविधान के आदर्शों के प्रति निष्ठावान बनाने के लिए आरेडिका द्वारा दिनांक 26.11.2019 से 26.11.2020 तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने हैं।

अमित 26.11.19

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी

MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

PRESS RELEASE

26.11.2019

Constitution Day was observed in Modern Coach Factory on 26.11.2019. On this occasion, group reading of the preamble to the constitution of India was organised in Main Administrative Building of MCF in the leadership of PCME Anoop Kumar and CPRO Amit Kumar Singh. Reading of the Preamble was also organised inside the Factory and MCF Hospital.

An Exhibition of photographs from the first Constituent Assembly was also made in the seminar Hall of Main Admin Building. All the Employees participated with fervour and enthusiasm. Pamphlets of Fundamental Duties and preamble were distributed to all staff and Officers to create awareness about the Values and philosophy of the Constitution of India.

MCF has planned year long activities from 26.11.2019 to 26.11.2020 in line with the direction of Railway Board and Ministry of Law and Justice of India.

Amit 26.11.19

(Amit Kumar Singh)
Chief Public Relation Officer